लोक सभा दिवस के अवसर पर माननीय अध्यक्ष का संबोधन

लोक सभा सचिवालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोहड़ी, मकर संक्रांति, बिहू और पोंगल के त्योहार की हार्दिक शुभकामनाएं। आज के इस पवित्र दिन मेरी कामना है कि आपके जीवन में खुशहाली आए।

संसद लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत है। ये लोकतांत्रिक संस्थाएँ जन आकांक्षाओं और अपेक्षाओं का मंदिर बने, यहां पर लोगों की समस्याओं, अभावों और कठिनाइयों का समाधान हो, उनके जीवन में सामाजिक, आर्थिक परिवर्तन हो, इसके लिए इन लोकतांत्रिक संस्थाओं ने लगातार काम किया है।

इस 75 वर्ष की लोकतंत्र की यात्रा में जब हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो हमें गर्व है कि हमने जन आस्था, विश्वास और भरोसा कायम किया है। जन आस्था, भरोसे और विश्वास के अंदर लोक सभा सचिवालय का बहुत बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपनी कार्य कुशलता, निष्ठा व समर्पण से काम किया है। लोक सभा और राज्य सभा के माननीय सदस्यों की कैपेसिटी बिल्डिंग हो और वे देश की जनता की बात, देश की जनता की आकांक्षाएँ व अपेक्षाएँ सदन में रख सकें, उसके लिए लोक सभा सचिवालय का बहुत बड़ा योगदान है। हमें गर्व हैं कि हमारे इन कर्मचारियों और अधिकारियों के कारण दुनिया के कई लोकतांत्रिक देश हमारी कार्य प्रणाली को, हमारी कार्य कुशलता को, हमारे नए इनोवेशन को देखने के लिए आते हैं और उनके संसद सदस्य यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने आते हैं।

जितना विशाल हमारा लोकतंत्र है, विविधता वाला लोकतंत्र है, उसी तरीके से बदलते परिप्रेक्ष्य में हमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र की कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए और प्रयास करने की आवश्यता है। इसके लिए नई तकनीक का, नए विज्ञान का, नई टैक्नोलॉजी का, हम किस तरीके से उपयोग कर के हमारे लोक सभा के माननीय सदस्यों का सहयोग भी

करें और आम जनता का भी हमारी लोकतांत्रिक संस्था से सीधा जुड़ाव हो। जितना लोकतंत्र की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी जनता की बढ़ेगी, उतनी ही आस्था हमारी संस्थाओं के प्रति बढ़ेगी। इसलिए हमें नई टैक्नोलॉजी का उपयोग करना चाहिए। किस तरीके से यहां चर्चा होती है, संवाद होता है, लोगों की समस्याओं का समाधान होता है, कानून के बनाते समय व्यापक चर्चा होती है। इसके लिए हमारी पुरानी डिबेट्स, चर्चा, देश की आम जनता तक पहुंचाने का हमारा व्यापक प्रयास है।

सचिवालय के इन्हीं कर्मचारियों के कारण आज हम नई टैक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए आम जनता तक, देश के अंतिम व्यक्ति तक, हमारी लोकतंत्र की संस्थाओं के कार्य को, कार्यकुशलता को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मुझे आशा है कि जिस निष्ठा से आप काम करते हैं, जिस बेहतरीन कार्यकुशलता से आप काम करते हैं, निष्पक्षता से काम करते हैं, कड़ी मेहनत से काम करते हैं, एक प्रतिष्ठा लोक सभा सचिवालय की पूरे देश के अंदर है, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है। सचिवालय की प्रतिष्ठा कायम करने में यहां के कर्मचारियों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। क्योंकि, हमें दुनिया के अंदर भी और देश के अंदर भी हमारी कार्यकुशलता, कार्य प्रणाली, एक नई टैक्नोलॉजी के साथ, नए इनोवेशन के साथ, हम अन्य सरकारी कर्मचारियों से हमारी कार्यकुशलता सर्वश्रेष्ठ भी होनी चाहिए और आम जनता के नज़दीक भी होनी चाहिए। इसलिए मैं जब भी आपके बीच में आता हूँ, इस अपेक्षा के साथ आता हूँ कि हमारे कर्मचारी और अधिकारी बदलते परिप्रेक्ष्य में अपनी कार्यकुशलता को, अपने कार्य को और श्रेष्ठ बनाएंगे और हम कड़ी मेहनत कर के दुनिया के लोकतंत्र के अंदर भारत का लोकतंत्र सर्वश्रेष्ठ भी है, मज़बूत भी है और हमारा सचिवालय भी दुनिया के अदंर सबसे बेहतरीन सचिवालय है। हम सबको साथ लेकर बेहतरीन कार्यकुशलता के साथ काम कर रहे हैं।

आप सबको आज के दिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आज हम सबके लिए नया उत्साह, नई उमंग, नए संकल्प का पर्व है। हम यहां से संकल्प ले कर जाएं कि इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमें और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।